## बच्चों को मोबाइल से रखें दूर : वरुण



रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कक्षा नवम के अभिभावक शामिल हुए। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने कहा कि भैया बहनों का सर्वांगीण विकास करने में माताओं का अहम योगदान होता है। भैया बहनों के पठन-पाठन और उनकी गतिविधियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और स्वाध्याय के लिए प्रेरित करें। उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। अभिभावक गोष्ठी में कक्षा नवम के 100 अभिभावक उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य ने आगामी योजना को बतलाते हुए कहा, प्रत्येक कक्षा के अभिभावकों के साथ बैठकें की जायेगी तथा उनकी समस्या और समाधान पर विचार किया जायेगा।

## सीसीएल सीएमडी ने किया मगध संगमित्रा का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध संघमित्रा परियोजना क्षेत्र में एक दिवसीय दौरा पर सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह गुरुवार को पहुंचे।इस दौरान उन्होंने मगध संघमित्रा परियोजना में आ रही अड़चनों को जाना और मगध परियोजना के खदान से उत्पादन की प्रगति, कोयला संप्रेषण, साइडिंग, कन्वेयर का भी निरीक्षण किया। ततपश्चात कुण्डी अवंतिका जीएम कार्यालय परिसर में काली मंदिर में पूजा अर्चना कर परियोजना की उन्नति के लिये कामना मंगल कामना किये। वहीं परियोजना के सभी पदाधिकारियो के साथ सभाहाल में बैठक किये। सीएमडी श्री सिंह ने मगध संघमित्रा परियोजना को आगामी वित्तीय वर्ष में लक्ष्यों पर आधारित कई दिशा निर्देश दिये। इस संबंध में आ रही अड़चनों को निपटाने के लिये कई दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर जीएम नृपेंद्र नाथ, पीओ एस सत्यनारायण, संभु नाथ, नवीन कुमार, नलिन चंद, आर के सिंहा, एन स्वामी, मो. अकरम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में मुखिया ने जनसंपर्क किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा क्षेत्र के दामोदर नदी किनारे कंडेर पंचायत मुंडा टोली जहारलांग सिमराबेड़ा, धवईया और गोपो पंचायत में प्रचार अभियान जनसंपर्क अभियान चलाया गया और घर-घर जाकर लोगों से मिला। लोकसभा चुनाव में आगामी 25 मई होने वाला चुनाव में गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में वोट देने की अपील की। मतदाताओं से अनुरोध किया गया कि 25 मई को पहले मतदान करें फिर जलपान करें, चंद्रप्रकाश चौधरी का चुनाव चिन्ह केला छाप कम संख्या 2 पर वोट डालकर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें। गया कुंदरु कला मुखिया किसुन मुंडा और दोहाकातू मुखिया कलावती देवी के द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं को पर्ची दिया गया तथा गिरिडीह लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनायें और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें और देश के विकास को गति देने में साथ दें। इस मौके पर मांडू क्षेत्र वरिष्ठ आजसू और समाज सेवी मिसिर महतो शहीद कई आजसू के कार्यकर्ता शामिल थे।

## चतरा कॉलेज चतरा में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, सीसीटीवी कैमरा के साथ की जा रही है निगरानी

4 मई को मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्र वार 18- 18 टेबल लगाये जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में चतरा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव बीते 20 मई को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। सभी ईवीएम को चतरा कॉलेज चतरा में बनाये गये स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार सुरक्षित रखकर सील कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव में कल 1899 मतदान केंद्र में लगायें गये ईवीएम मशीन का उपयोग किया गया था। जिसे 20 जून को शाम 5 बजे के पश्चात 1089 मतदान केंद्र का ईवीएम उसी दिन स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया था। तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांकी विधानसभा क्षेत्र सहित सुदूरवर्ती क्षेत्र के अन्य 810 मतदान केंद्रों के ईवीएम मशीन को दूसरे दिन 21 मई को जमा कराया गया। इस प्रकार लोकसभा चुनाव में लगाये गये सभी 1899 मतदान केदो के ईवीएम मशीन को सुरक्षित स्ट्रांग में जमा कर दिया गया। सभी ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की देखरेख में सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कमरे को सील कर दिया। जिसे 4 जून को मतगणना के दौरान निकाला जायेगा।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा दो लेयर में किया गया है। जिसमें सीआरपीएफ के जवानों को आंतरिक सुरक्षा और जिला पुलिस को बाहरी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं तथा प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों को भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए स्थान निर्धारित कर सीसीटीवी कैमरा का स्क्रीन लगाया गया है। जहां से वे भी स्ट्रांग रूम की निगरानी कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि 4 जून को मतगणना का कार्य संपन्न कराने के लिए विधानसभा वार पांच विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच अलग-अलग कमरे में 18-18 टेबल लगाये जायेंगे। जिसमें सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 24 राउंड, चतरा का 27, मनिका का 18, लातेहार का 20 तथा पांकी विधानसभा का मतगणना 19 राउंड में पूरा किया जायेगा।

## धूमधाम से मना श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार का जन्मदिन

पूजा-अर्चना, अखंड-पाठ, शांति पाठ व नारायण सेवा का हुआ आयोजन, निकली गयी प्रभात फेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ रामगढ़ जिला के तत्वावधान में सयाल मोड भुरकुंडा स्थित जागृति भवन में गुरूवार को श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार का पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार के तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद उनके तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित की गई। इसके बाद अखंड पाठ, शांति पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। साथ ही प्रभात फेरी भी निकाली गई। प्रभात फेरी जागृति से निकल पटेलनगर, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए बाबा नाम केवलम का जाप करते हुए पुनः सयाल मोड पहुंची। यहां नारायण सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ उर्मिला देवी, प्रतिमा सिंह, मंजू चौधरी, अनीता शर्मा, शकुंतला देवी, अरुण सिंह, प्रदीप प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील मेहता, रामचंद्र प्रसाद, तपेंद्र कुशवाहा, उमेश कुमार सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा। इधर आनन्द मार्ग प्रचारक संघ रामगढ़ द्वारा रांची रोड स्थित सुनिल अग्रवाल के निवास पर भी श्रीश्री आनंद मुरति प्रभात रंजन सरकार का जन्मदिन पूरे धूमधाम से मनाया गया। साथ ही छ घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात नारायण सेवा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण शर्मा, भोला प्रसाद चौधरी, सुरेश कुशवाहा, लक्ष्मण, अमर, अनिता अग्रवाल, कृष्ण पाठक, ववित पाठक, बिनोद, रामेश्वर राणा, खुशचंद, मंजु देवी, विवेकानंद, सुनिल कुमार का विशेष योगदान रहा।

## पांच दिवसीय डोजो प्रतियोगिता सह ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग जारी, फाइनल 26 को



महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में, सफल कराटेकार मेडल, ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र से होंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में 22 मई से चल रहे पांच दिवसीय डोजो कराटे प्रतियोगिता सह ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग के दूसरे दिन गुरूवार को कराटेकारों को स्पेशल टेजनिंग दिया गया। इस दौरान कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान ने बताया कि 26 मई को ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग के समापन समारोह में कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि लगातार 26 मई तक चलने वाला कराटे प्रतियोगिता का तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। श्री दास ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर के तहत कराटेकारों को काता, कुमिते, एडवांस काता, फाईट, पंचिंग, रेफरी टाइमिंग का विधिवत टेक्निक ट्रेनिंग दिया जा रहा है। 26 के फाइनल प्रतियोगिता में सितोरियू कराटे के सचिन, राकेश कुमार एक्का मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। शिविर में सृष्टि कुजूर सुंदर नगर, आस्था सिंह कुरसे बस्ती, स्मृति मुंडा मतकमा चौक, मयंक कुमार व मिहिर कुमार टालीवान धौड़ा, हर्ष राज भुरकुंडा को ब्लैक बेल्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए का कराटे का प्रशिक्षण जरूर लेना चाहिए।

## बोंगावार में भक्ति भाव से मना मंडा पर्व



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व मंडा बोंगावार में भक्ति - भाव के साथ मनाया गया। वहीं, मंडा पूजा समिति ने छऊ नृत्य का आयोजन किया। नृत्य कार्यक्रम में पुरुलिया और बोंगाबाड़ी पार्टी बंगाल के टीम शामिल रहे। शामिल कलाकारों ने गीत संगीत व छऊ नृत्य की प्रस्तुति कर लोगों का भरपूर मनोरंजन कराया। वही, लोटन सेवा बाद अगले सुबह बेला में 116 शिव भक्त और सोखताईनों ने तालाब में स्नान कर नये वस्त्र का धारण कर गाजे - बाजे के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। तत्पश्चात दहकते अंगारों पर चलकर और पीठ पर बनस गुथाई कर बनस झूला झूलकर भगवान शिव के प्रति आस्था का परिचय दिया। मौके पर दिनेश्वर कुशवाहा, सुरेंद्र महतो, रामबचन महतो, सुखदेव प्रजापति, दीपक कुशवाहा, सुरेश महतो, मिहिर चंद मुंडा, प्रयाग प्रजापति, विश्वामित्र महतो, फुलेश्वर महतो, सूरज महतो, लक्ष्मी पंडा, जगरनाथ रजक, रामचंद्र महतो, प्रकाश महतो, तेज नारायण कुशवाहा, महेश महतो, दुलाल पंडा, उत्तम पंडा, कमल पंडा, प्यारेलाल कुशवाहा, प्रित्तम चक्रवती समेत कई लोग शामिल रहे।

## नियमित रूप से करें व्यायाम और चिकित्सक की ले सलाह : राहुल

नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन, 105 मरीजों का शुगर, ब्लड प्रेशर और वजन की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा के तत्वाधान में गुरुवार को शहर के मेन रोड में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 105 लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच की गई। मौके पर शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और कार्यक्रम संयोजक राकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कैंप के दौरान कई वृद्ध ऐसे मिले जिन्हे हाई बीपी और शुगर की समस्या थी, परंतु उन्हें पता ही नहीं था। कैंप के दौरान ही उन्हें इसकी जानकारी मिली। उक्त लोगों को डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी गयी।

नियमित रूप से करें व्यायाम, चिकित्सक का ले सलाहः राहुल अग्रवाल

मौके पर युवा मंच के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल जो एक फार्मासिस्ट भी है ने मधुमेह से होने वाले नुकसान एवं उनसे बचाव के बारे में शिविर में मौजूद लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि जब शरीर में इंसुलिन बनना बंद अथवा कम हो जाता है, तब शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ने लगती है। नियमित रूप से जांच कराते रहना चाहिए। शरीर में शुगर की मात्र अधिक होने की जानकारी होने पर मीठे खाद्य पदार्थो से परहेज करें। खूब व्यायाम करें। चिकित्सक से सलाह लें।

मौके पर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, कार्यक्रम संयोजक राकेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका, राहुल जैन, विजय खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## मांडू में ट्रेन से कटने से एक युवक की मौत

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक की मौत ट्रेन से कट कर हो गई। यह घटना गुरुवार की अहले सुबह की हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में कर अंतिम संस्कार कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में पति और पत्नी घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रांची मुख्य सड़क मार्ग जीएम बंगाल के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पति- पत्नी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्रखंड के सीएचसी पहुंचाया गया। घायलों में विश्वनाथ गंजू, पत्नी ललिता देवी (20) शामिल है। घायलों का सीएचसी में इलाज के बाद ललिता देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्साको ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायल विश्वनाथ गुंजन ने बताया कि वह पत्नी व दो जुड़वा बच्चों के साथ रिश्तेदार के घर से अपने गांव करमताड़, कल्याणपुर, टंडवा जा रहा था। इसी दौरान वह जीएम बंगला के समीप ट्रबो ट्रक से पास ले रहा था। इसी दौरान बाइक सवार के पीछे तेज गति से जा रहे अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार फरार हो गया।

## करमा पंचायत में डाक मेला का आयोजन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ग्रामीणों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए डाक विभाग रामगढ़ अनुमंडल द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत में डाक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि डाक विभाग में किसी भी अन्य संस्थाओं के अपेक्षा सुरक्षा के गारंटी सहित अधिकतम ब्याज दर उपलब्ध है। उन्होंने कई लाभकारी योजना के बारे में बताते हुए चालू खाता, बचत खाता, सुकन्या खाता, आईपीपीबी खाता आदि की जानकारी दी। मौके पर लगभग आईपीपीबी के 50 खाते खोले गये। साथ ही डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के 2.5 करोड़ बीमा राशि में 3 लाख 54 हजार 100 की प्रिमियम राशि जमा किया गया। मौके पर आधार कार्ड के त्रुटि आदि का सुधार कार्य भी किया गया। मौके पर आईपीपीबी शाखा प्रबंधक रामगढ़ अमित कुमार, आलोक कुमार, प्रभु मुंडा आदि उपस्थित थे।

## बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति घायल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के केबी गेट श्री राम चौक स्थित फोरलेन सड़क पर सड़क पार कर रहे एक बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मुरपा नावाडीह टोला निवासी टेकलाल महतो पिता दिनेश महतो अपनी बाइक पर सवार होकर कुजू कोलियरी से कुजू चौक जा रहा था। इस दौरान श्रीराम चौक स्थित फोरलेन सड़क पार कर रहा था। तभी हजारीबाग की ओर से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने टेकलाल के बाइक को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना में टेकलाल महतो का दाहिना पैर टूट गया। घटना के बाद ग्रामीण और पास के दुकानदारों ने इसकी सूचना एन एच आई एंबुलेंस और टेकलाल के परिजनों को दी। साथ ही घायल को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जिसका इलाज रामगढ़ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

## घरेलू विवाद में चार बच्चों की मां ने कुएं में कूद कर दी जान



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत सेलवार गांव में बुधवार की देर शाम घरेलू विवाद में एक महिला कुएं में कूद कर जान दे दी। मृतका देव लाल यादव की पतोहू और केदार यादव की पत्नी 35 वर्षीय सोनमंती देवी है। इस संबंध में बताया गया कि मृतका सोनमती देवी और सास शांति देवी के बीच आपसी घरेलू विवाद को लेकर नोक झोंक हुई थी। इसी दौरान मृतका गुस्से में आकर कुएं में छलांग लगा दी। जब तक गांव वाले उसे कुएं से निकाल पाते तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। मृतका के मायके वालों को घटना की जानकारी मिलते ही पूरा परिवार सेलवार गांव पहुंचकर शव को देखते ही आग बबुला हो गये। वहीं मौके पर मृतका के सास शांति देवी के साथ मारपीट भी की गयी। मृतका का दो पुत्र और दो पुत्री है। उसका पति मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया तथा मृतका की घायल सास शांति देवी को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

## हंटरगंज में वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को 108 एंबुलेंस से हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सर पर गंभीर चोट रहने के कारण गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जहां घायल युवक डुमरी कला पंचायत के बेला फिटिंग टांड गांव निवासी सरजू भारती का 24 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र भारती है। वह अपने मोटरसाइकिल से घंघरी बाजार से अपने घर जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन उसे अपनी चपेट में ले लिया।

## चिरलौंगा में जंगली हाथियों के झुंड ने एक घर को किया क्षतिग्रस्त



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़गांव पंचायत अंतर्गत चिरलौंगा में जंगली हाथियों के झुंड ने एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि आठ बजे खन्धार होते हुए दस बजे 12 हाथियों की झुंड ने चिरलौंगा पहुचकर एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। कमेशर उरांव के घर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों ने जैसे ही कमेशर के घर के पास जैसे ही घर गिराया उसके बाद गांव में एक घर में कार्यक्रम चल रहा था। जिसके बाद सभी ग्रामीण दौड़कर हाथियों के झुंड को भगाया। हाथियों का झुंड देर रात भगिया की तरफ चले गये है बताया।

# लोहरदगा में मनरेगा कुआं धसने से चार की मौत

**डीसी एसपी के निर्देश पर 4 घंटा चला रेस्क्यू ऑपरेशन,**

**मामले पर जांच के निर्देश, मृतकों को मिलेगा दो-दो लाख मुआवजा**

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरी अंबा टोली में गुरुवार पूर्वाहन मनरेगा सिंचाई कुआं निर्माण कार्य में मिट्टी धसने से चार मजदूरों की दर्दनाक मौत मिट्टी में दबाकर हो गयी। हादसे की सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन ने आपातकालीन व्यवस्था के तहत 6 जेसीबी व पोकलेन मशीन से लगातार चार घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बावजूद, कुआं के मलबे में धसे मजदूरों को नहीं बचाया जा सका। घटना के बाद चितरी अंबा टोली समेत पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। मनरेगा कुआं धसने के हादसे में लाभुक असलम अंसारी का पुत्र अबू रेहान उर्फ अमन अंसारी (26 ) उसकी बहन शबनम खातून( 22) राजमिस्त्री कैरो गाराडीह निवासी अरमान अंसारी (36) एवं किस्को मेरले निवासी मिस्त्री जोगेंद्र उरांव की मौत हो गई। हादसे में लाभुक के दो परिजनों के भी घायल होने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अंबा टोली निवासी असलम अंसारी की भूमि पर मनरेगा कुप का निर्माण किया जा रहा था। लगभग 30 फीट गहराई के बाद कुआं की पटाई का कार्य किया जा रहा था। 8 फीट कुआं पटाई के बाद जब 22 फीट की गहराई में कार्य पहुंचा तो ऊपर की मिट्टी भर भर कर गिर गया। अर्द्धनिर्मित कुआं के नीचे जमा पानी और मिट्टी के मालवा में दबाकर निर्माण कार्य में लगे चार लोगों की मौत हो गयी। बताया गया कि, घटना से ठीक पहले लाभुक असलम अंसारी की नववधू समेत दो व्यक्ति नाश्ता करने के लिए बाहर निकले थे मिट्टी धसने की चपेट में आकर दोनों व्यक्ति कुआं में गिर गये थे पर तत्काल उसे ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया मिट्टी हटाने के दौरान कुदाल की चोट से घायल हो गए। सूचना के बाद तत्काल उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जम्मा समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पहुँचे। तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में 6 जेसीबी, पोकलेन समेत अन्य संसाधनों को युद्ध स्तर पर लगाया गया। लगभग चार घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मालवा में दबे शव को एक-एक कर बाहर निकल गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरेकेटिंग कर पुलिस बल की तैनाती की गयी।

बताया गया कि, लाभुक असलम अंसारी का मनरेगा कुआं निर्माण के दौरान दो-तीन बार ध्वस्त होकर खतरनाक हो गया था। गांव के स्थानीय मजदूरों ने इसे खतरनाक मान कार्य करने से इनकार किया था। बावजूद, दूसरे जगह से मिस्त्री लाकर और परिजनों द्वारा मजदूरी कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। संबंधित मनरेगा कनीय अभियंता संजीत कुमार ने बताया कि, लाभुक असलम अंसारी का कुआं दो सप्ताह पूर्व 10 फीट धंस गया था। निरीक्षण के दौरान उसे इस पर काम करने के लिए मना किया गया। इस पर लाभुक ने कोई परेशानी नहीं होने का हवाला देकर जबरन कार्य कर रहा था।



### जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई : डीसी

लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा कुआं निर्माण हादसे के कारणों की गहन जांच किया जाएगा मामले पर किस स्तर पर लापरवाही हुई है उसे चिन्हित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी कहां की फिलहाल मृतक के परिजनों को मनरेगा प्रावधान के तहत तत्काल दो दो लाख मुवाजा राशि दी जाएगी। जांच में मृतकों के कुआं के पानी में डूबने से मौत होने की पुष्टि होने पर अलग से आपदा प्रबंधन के तहत उन्हें मुआवजा दिया जायेगा।



### मृतक अबू रेहान का तीन माह पूर्व हुआ था विवाह, नववधू भी गिरी थी मलवा में

लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र मैं निमार्णाधीन कुआं के धसने से हुई लाभुक असलम अंसारी का पुत्र अबू रेहान उर्फ अमन अंसारी 26 का लगभग 3 माह पूर्व विवाह हुआ था कुआं की पटाई कार्य में उसकी नववधू भी ऊपर से सीमेंट और ईट दे रही थी अचानक ऊपर की मिट्टी धसने से दो परिजन समेत नववधू भी मालवा के ऊपरी ढेर में गिरी थी। मौके पर तत्काल ग्रामीणों ने दो परिजन समेत नववधू को सकुशल मिट्टी खोदकर बाहर निकाल लिया।

# अवैध बालू परिवहन मामले में तीन ट्रैक्टर जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डॉडू पंचायत अंतर्गत एकागुरी मेढ़ो बालू घाट से अवैध बालू परिवहन करने की गुप्त सूचना पर प्रशिक्षु एसपी सह सेन्हा थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही पुलिस बल के द्वारा बालू के अवैध खनन एव परिवहन की गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में रखा गया है। वही बताया जाता है की मेढ़ो कोयल नदी से बालू माफियाओं द्वारा बालू का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जिसे सूचना के आलोक में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छापेमारी करते हुए गुरुवार को मेढ़ो कोयल नदी से तीन ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया गया। वही प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा की तीनो टैक्टर बालू लोड करने नदी में गया हुआ था। जिसे की तीनो ट्रैक्टर को मेढ़ों कोयल नदी में जब्त किया गया है तथा अग्रतर करवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद को अवगत करा दिया गया है। जिसे खनन अधिनियम के तहत अवैध परिवहन के मामले में जप्त ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

# लोहरदगा डालसा सचिव और प्रधान मजिस्ट्रेट ने किया संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय के निदेर्शानुसार लोहरदगा डालसा सचिव राजेश कुमार एवं प्रधान मजिस्ट्रेट जूविनाइल जस्टिस बोर्ड जया स्मिता तिर्की ने गुमला स्थित संप्रेक्षण गृह का दौरा किया। गुमला संप्रेक्षण गृह में कुल 76 बच्चे बंद हैं। जिसमें गुमला के 41, सिमडेगा के 6 और लोहरदगा के 29 बच्चे शामिल हैं। लोहरदगा में बच्चों का संप्रेक्षण गृह नहीं होने के कारण गुमला में ही लोहरदगा के बच्चे संसीमित है। डालसा सचिव ने एक-एक कर बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना तथा प्रधान मजिस्ट्रेट ने भी बच्चों के केस के प्रगति के बारे में जानकारी दी। लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तरफ से बच्चों को लैंगिक अपराध एवं नशापान मुक्ति संबंधित बातों की जानकारी दी गयी। जिसमें नशापान के दुष्परिणाम एवं पोक्सो जैसे गंभीर अपराध में हालिया सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय की जिक्र किया गया। जिसमें एक बच्चे को एक लड़की का वीडियो वायरल करने के कारण सर्वोच्च न्यायालय तक ने जमानत देने से इनकार कर दिया। कार्यक्रम में सुपरिटेंडेंट अविनाश कुमार एवं प्रोबेशनर ऑफिसर कन्हैया सोनी, वार्डेन सीता कुमारी भी उपस्थित रहे।




# महात्मा बुद्ध सत्य और अहिंसा के प्रवर्तक थे : सुरेश चंद्र पांडे




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर महात्मा बुद्ध की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा महात्मा बुद्ध सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। प्राणी मात्र के प्रति दया भाव मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ धर्म है। सम्राट अशोक के बौद्ध धर्म अपनाने के बाद उसके पुत्र महेंद्र एवं पुत्री संघमित्रा के द्वारा संपूर्ण विश्व में सत्य एवं अहिंसा का प्रचार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य गणेश प्रसाद साहू ने बालक सिद्धार्थ की दयालुता का बखान करते हुए घायल हंस की रक्षा की कहानी रोचकता पूर्वक प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में महेंद्र कुमार मिश्रा अशोक सिंह, सुनीता एवं अन्य समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन

**नवम कक्षा के छात्र छात्राओं की बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्ति पर प्रधानाचार्य ने बधाई दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर लातेहार, स्टेशन के विधालय परिसर में 23 मई 2024 दिन गुरुवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा ने बताया कि झारखण्ड अधिविद परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा 2024 में नवम कक्षा के छात्र-छात्राएं ने अच्छे अंक लॉकर सफलता प्राप्त किये इस अवसर पर इनके सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सचिव विवेक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य शर्मा के द्वारा सफलता अंकपत्र प्रदान करते हुए सभी छात्रों छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे। एवं भविष्य में इनकी सफलता की कामना किए। सचिव गुप्ता के द्वारा छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने एवं समय का सही उपयोग करने का निर्देश दिये गये। प्रधानाचार्य ने भी सभी छात्र छात्राओं को सफलता की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**एक महीने पहले हुई थी शादी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अन्तर्गत गुवा में एक नवविवाहिता ने 20 मई को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के परिजनों का कहना है कि 1 माह पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतका मुनिता देवी उम्र 21 वर्ष के पति मनरूप सिंह व ससुर दिगदार सिंह के खिलाफ भी आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार छिपादोहर थाना क्षेत्र के गुवा में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय पुलिस को बिना बताए शव को फांसी के फंदे से उतार दिया। बताया जा रहा है कि महिला की शादी एक माह पहले ही हुई थी। मृतका के पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या के बाद शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही मामले पर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी लोग इसमे दोषी होंगे उसे किसी भी हाल में बक्शा नही जायेगा। वही इस मामले पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार ने बताया हत्या है या फिर आत्महत्या पुलिस पूरे मामले को गहनता से जांच कर रही है। मामले का जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

# पूजा पाठ कर टाना भगत समुदाय के लोगों ने अपने पूर्वजों को याद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के भूसुर पंचायत के समीप कुमाड़ ग्राम में गुरुवार को टाना भगत समुदाय के द्वारा अपने पुरखों से चले आ रहे रीति रिवाज को बचाने को लेकर पूरे रीति रिवाजों के साथ तीन दिवसीय हवन एवं जग पूजा आयोजन किया गया। जहां इस पूजा में लातेहार जिले के पांच प्रखंड के तमाम टाना भगत समुदाय के बुद्धि जीवि अगुवा उपस्थित थे। इस दौरान युवा संगठन अध्यक्ष सुमेज टाना भगत ने कहा कि अपने पुरखों के रीति रिवाज को बचाने को लेकर टाना भगत समुदाय के द्वारा लातेहार में 10 अक्टुबर 2022 को आंदोलन किया गया था। जहां षड्यंत्र के तहत भोले भाले कई टाना भगतों को जेल में डाल दिया गया था। आज हमारे सभी साथी जेल से बाहर आ गये हैं। इसी के उपलक्ष्य में टाना भगत समुदाय के लोग एकत्रित होकर कुमार गांव में हवन पूजा किया जा रहा है। आगे भगत ने कहा कि देश आजाद कराने में हमारे पूर्वजों की अहम भूमिका रही है कई लोगों ने देश आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दिया है। आज उन्हीं के वंशजों को हक अधिकार से कोसों दूर कर दिया गया है यह बड़ी दुर्भाग्य की बात है। मगर हम चुप रहने वाले नहीं हैं अपने हक अधिकार को लेने का काम करेंगे जिसको लेकर सभी टाना भगत समुदाय के लोग एक जुट होकर हवन पूजा पाठ कर अपना जतरा टाना तिलका मांझी बिरसा मुंडा से आशीर्वाद लिया। मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष राजेंद्र टाना भगत, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष सुमेज टाना भगत, पंखराज भगत रामधारी भगत, इंद्रदेव टाना भगत, रामदेयल भगत, सरुहली भगत, मनोज भगत, दिनेश भगत, पुनम भगत, पिंटू भगत, बसदेव भगत, सुमन भगत समेत सैकड़ों की संख्या में कई लोग उपस्थित थे।



# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सामूहिक हवन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** गायत्री शक्तिपीठ लोहरदगा के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर कुडू में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर मानव कल्याण के लिए सामुहिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के प्रतिमा देवी, अनिल भैया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी को सामुहिक हवन कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह, अध्यक्ष धीरज प्रसाद, कोषाध्यक्ष विनय कुमार, पूनम देवी, आरती देवी, प्रदीप साहू, अजय शर्मा, धनोज महतो, अशोक मिश्रा, सतेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक सम्मिलित हुए।

# संत क्लारेट स्कूल के शिक्षकों के लिए बैंगलोर में चार दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के लेदगाइ में संचालित सीआइएससीइ से मान्यता प्राप्त संत क्लारेट पब्लिक स्कूल के कार्यरत शिक्षकों के लिए बेंगलोर में 21 मई से 24 मई तक चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बरवाडीह के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से दर्जनों स्कूल के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के माध्यम से जहां देश की वर्तमान शिक्षा पद्धति के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों की भागीदारी से शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों और मार्गदर्शन का अवसर मिला। कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक एक-दूसरे से शिक्षा पद्धति के प्रति अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए जो उनके शिक्षण कौशल में वृद्धि करने को लेकर कई जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला को लेकर स्कूल के प्रिंसिपल फादर जार्ज ने बताया कि संस्था के माध्यम से प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट शिक्षकों का उन्हें कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने का कार्य किया जाता है ताकि देश की बेहतर शिक्षा पद्धति से जुड़ते हुए कई अनुभव और कार्यशेली की प्राप्ति हो सके जिसके बाद शिक्षक और बेहतर तरीके से अपने स्कूल के बच्चों को पढ़ा सके। कार्यशाला में शामिल स्कूल की शिक्षिका नेहा शर्मा, नेहा रानी, रश्मि, नीरज समेत अन्य ने कार्यशाला को लेकर खुशी जारी की ओर बेहतर शिक्षा पद्धति से जुड़ने को लेकर स्कूल प्रबंधन का सार्थक पहल भी बताया।



# कुडू में वज्रपात से हुई गाय की मौत

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के हेंजला में गुरुवार की दोपहर हुई जोरदार बारिश और वज्रपात के चपेट में आने से हेंजला निवासी किसान महावीर राम के गाय की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गाय हेंजला तालाब के नजदीक खेत मे घास चर रही थी। तभी दोपहर बारिश के साथ जोरदार वज्रपात हुआ, जिसका चपेट में आने से घटनास्थल पर ही गाय की मौत हो गयी। दुधारू बड़ी नस्ल की गाय की मौत से किसान महावीर का परिवार काफी परेशान है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हाथियों के झुंड ने एक गरीब परिवार के आशियाने को उजाड़ा

प्रफुल्ल पांडेय

**मुरपा।** बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र के भगैया गांव मे बीती रात 15 की संख्या मे विशालकाय हाथियों ने बुधवार देर रात 12 बजे लगभग मुनिया देवी पति बाबुलाल गंझु के कच्चे मकान को ध्वस्त कर दिया साथ हीं घर मे रखे अनाज को भी बर्बाद कर दिया। घटना मे घर के अन्य सामानों को भी क्षति पहुंची है। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर भगैया मुखिया रोहणी देवी, समाजसेवी मतुं लाल मुंडा ने पीड़ित परिवार के घर जाकर उनसे मुलाकात कर हर संभव सहायता करने की बात कही। वही घटना की सूचना चंदवा वन रेजं वन विभाग को देने के 12 घंटे बाद भी न तो कोई कर्मी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा और न ही किसी ने नुकसान का जायजा लिया। जिसके कारण लोगों मे वन विभाग के अधिकारियों के प्रति काफी नाराजगी है। लोगो ने कहा कि इतनी परेशानी के बावजूद प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को किसी भी तरह का कोई मदद नही दी जाती है। वही मतुं मुंडा ने वनपाल सुमित गुप्ता को दुरभाष पर जानकारी दी। लेकिन अभी तक घंटो बीतने के बाद भी वन विभाग की टीम निरीक्षण करने नही आयी। वन विभाग को जंगल मे पेड काटने की सूचना पर कर्मी तुरंत दबे पावं पहुंच जाते हैं लेकिन हाथी आने पर कोई कर्मी पास नहीं आता। सरकार से वेतन लेकर हाथी को जंगल से खदेड़ने के लिए वन लाखो रूपए वन विभाग को भेजे जाते रहे है।



### सदर अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं सुरक्षा गार्ड

# मरीजों और परिजनों को हो रही परेशानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला का एकमात्र सदर अस्पताल गुमला में सुरक्षा गार्ड्स के नहीं रहने से सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है जिससे मरीज सहित आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है सुरक्षा गार्ड् के नहीं रहने से परिसर में अव्यवस्था का माहौल हो गया है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में कुल 10 सुरक्षा गार्ड कार्यरत हैं विगत 10 से 12 दिनों से उन्हें चुनावी कार्य को लेकर अन्यत्र भेज दिया गया है अस्पताल में एक भी सुरक्षा गार्ड नहीं होने से अस्पताल में सामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है लोग परिसर में नशापान करना शुरू कर दिए हैं इसके अलावा वाहनों को भी अवस्थित ढंग से लगाया जाता है जिससे लोगों में विवाद भी उत्पन्न हो रहा है वही लोग नशा कर सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं जहां चोरी व छेड़खानी की घटनाएं भी हो रही है वहीं ड्यूटी में तैनात डाक्टर की सुरक्षा भी नहीं हो पा रही है जिसको लेकर लोग कई तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा गार्ड को ड्यूटी पर तैनाती की मांग की है।

# झगड़े में दामाद ने सास और एक बच्चे को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव रायकेरा टोंगरीटोली मे बीती बुधवार रात लगभग पौने बारह बजे अजीत गुड़िया नामक एक व्यक्ति ने अपने सास लिच्छी मुंडाइन उम्र 58 वर्ष और अपने रिश्तेदार में साढ़ू के बेटे 17 वर्षीय कमल आइंद के पैर मे गोली मारकर जख्मी किया। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल कामडारा थाना को किया जिसपर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अजीत गुड़िया रनियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गरई (तोकेन) का रहनेवाला है। वह बीती बुधवार की रात को एक देशी कट्टा व गोली के साथ अपने ससुराल पहुंचा था। जो मध्य रात्रि मे अपने सास के साथ झगड़ा करते हुए उसके पैर पर गोली मार दी। वहीं बीच बचाव करने आया साढ़ू के बेटे के उपर भी गोली चला दिया। जिसमे उक्त दोनो जख्मी हो गये। घटना के बाद आरोपी व्यक्ति फरार हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणो ने तुरंत घटना के बारे मे कामडारा पुलिस को जानकारी देते हुये इलाज के लिये रांची रिम्स ले गये। फिलहाल उक्त दोनों घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। घटना के बारे बताया जा रहा है कि आरोपी व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ अक्सर मारपीट व हिंसात्मक रवैया अपनाता था। जिसके कारण उसका पत्नी तलाक ले चुकी है। इसके बावजूद आरोपी व्यक्ति हमेशा अपनी सास व साला को दबाव डालते रहता था कि उसकी पत्नी को तुरंत भेजो। आरोपी व्यक्ति की पत्नी वर्तमान मे मुंबइ मे रहती है। इधर पुनः गुरुवार की सुबह में कामडारा पुलिस की टीम घटनास्थल पर जाकर पूरे मामले व सभी विंदुओं पर जांच पड़ताल की। जिसमें पता चला कि आरोपी व्यक्ति ने घटनास्थल पर देशी कट्टा से कुल चार गोली फायर किया था। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी व्यक्ति को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।



इसी घर में हुई फायरिंग।

## इंचा गांव में जेठ जतरा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इंचा गांव में जेठ जतरा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गरूवार को किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुखिया सह समाजसेवी आदित्य भगत ने फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आदित्य भगत ने कहा कि जेठ जतरा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोउल्लास के साथ आयोजित किया गया है। साथ ही श्री भगत ने सफल संचालन के लिए जतरा कमिटी को बधाई देते हुए कहा कि हमें आगे भी अपनी संस्कृति को ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर जीवित रखना है और हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजोग के रखने की जरूरत है। वहीं श्री भगत ने आगे कहा कि मेला का मुख्य उद्देश्य आपसी मेलजोल होता है। लोग एक दूसरे से मिलकर अपने हाल चाल जानते हैं। बतातें चलें कि इस मौके पर 25 खोड़हा दलों ने बाजारटाड़ स्थित उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। जहां खोड़हा दलों ने पारंपरिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। वही जतरा में मिठाई व खिलौने की कई दुकानें लगी। लोगों ने जमकर खरीदारी की। मौके पर वार्ड सदस्य शीतल उरांव, बिपिन बिहारी भगत, शीशम भगत, शिव उरांव, मुकुंद उरांव, शंकर भगत, जमुना बढ़ाई, संजीत उरांव, वीरू उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अखंड हरीकीर्तन को लेकर निकाली कलश यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के बेती पतराटोली में 24 घंटे के अखंड हरीकीर्तन को लेकर श्रद्धालुओ ने कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा घाघरा के चुंदरी कीर्तन स्थल से शुरू होकर बेती तालाब पहुंचा। जहां से जल भरकर पुनः बेती पतराटोली स्थल पहुंचा। वही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन पाठ की गयी। इस आशय की जानकारी को देते हुए मुखिया विनीता कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम के निमित 24 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजक समिति के दूधनाथ उरांव ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया। यह भी बताया कि मंडा पूजा में कई वर्षो से शामिल हो रहा है। जिसे लेकर श्री राम के नाम अखंड कीर्तन का आयोजन कलश यात्रा के साथ किया गया है। अखंड कीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए रामरेखा असम बेड़ा के 151 मंडली कीर्तन मंडली में शामिल हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मुखिया आदित्य भगत, महनिया देवी, कमल मुनि देवी, कनक भगत, संतोष कुमार साहू सहित कई उपस्थित थे।

# मेहनत करने वाले परिणाम की चिंता नहीं करते: समीर

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मेहनत करने वाले परिणाम की चिंता नहीं करते। मेहनत करने वालों का काम सतत मेहनत करना होता है। और झारखंड के लोग मेहनती होते हैं। मेहनत पर हमें भरोसा है। लोहरदगा लोकसभा सीट के चुनाव पुर्व यानी 13 मई के पहले तक जनता के बीच रहकर जितनी मेहनत करनी थी हमने अपने कार्यकताओं के साथ मिलकर की है। अब जनमत जिधर जाएगा मैं उसका स्वागत और सम्मान करूंगा। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव ने दूरभाष पर आजाद सिपाही से कही। उन्होंने कहा कि हम लोग भारतीय जनता पार्टी के सिपाही हैं और राष्ट्र निर्माण के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहते हैं। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव बीतने के तुरंत बाद मुझे पार्टी ने चतरा जाने को कहा। पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते हम लोग चतरा गए। वहां अपने प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया। चतरा से फिर बिहार के कई संसदीय क्षेत्र में वहां के भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया और फिलहाल रांची में रांची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी संजय सेठ के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनतंत्र में जनता जनार्दन है। जनादेश जिधर होगा सबों को उसका स्वागत करना चाहिए। उन्होनें स्पष्ट कहा कि मैं खुद को भारतीय जनता पार्टी का एक साधारण कार्यकर्ता मानता हूं। मुझे इस बात का गर्व है कि जो पार्टी सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करती है मैं उसके कार्य में सबसे सूक्ष्म योगदान मेरा भी होता है। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों को आराम नहीं करना चाहिए। क्योंकि उनकी मेहनत पर बहुत कुछ टिका हुआ होता है। इसलिए लोहरदगा लोकसभा के चुनाव के बाद हमने आराम नहीं किया। परिणाम के इंतजार से संबंधित प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा कि मुझे परिणाम का कोई इंतजार नहीं। जनता ने जो वोट दिए हैं वह ईवीएम में कैद है। जो होना है वह 4 जून को होगा। इसके लिए ना कोई बेचैनी है ना कोई घबराहट। हंसते हुए कहा कि घबराहट और बेचैनी प्रत्याशियों को होती है मैं एक कार्यकर्ता हूं , और पार्टी मुझे जिस पद तक पहुंचा दें मैं खुद को कार्यकर्ता होने पर ही गर्व महसूस करूंगा।

## भरनो पुलिस ने 31 गौवंश को किया जब्त

**भरनो (आजाद सिपाही)।** पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बूढ़ीपाठ और ललटोली गांव के बीच से सभी 31 गौवंशीय पशुओ को जब्त करने के बाद पैदल ही 7 किलो मीटर तक थानेदार के नेतृत्व में होमगार्ड के जवान और पुलिस के जवानों के द्वारा मवेशियों को हांकते हुए भरनो थाना लाया गया। इधर, थानेदार अरविंद कुमार ने बताया की उन्हे गुप्त सूचना मिली थी की भरनो थाना क्षेत्र के लालटोली गांव में पशु तस्करों द्वारा कहीं बाहर से ट्रक में भरकर गौवंशीय पशुओं को लाया गया है। जिसे ट्रक से उतार कर रखा गया है और आगे सभी मवेशियों को दूसरे ट्रक में भरकर रांची ले जाने की तैयारी की जा रही है। इस पर भरनो पुलिस द्वारा वहां पहुंचकर छापेमारी करते हुए सभी 31 गौवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना लाया गया, वहीं पुलिस को देखते ही सभी पशु तस्कर वहां से भागने में सफल रहे।

# पति ने करायी अपनी ही पत्नी की प्रेमी से शादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** अजब प्रेम की गजब कहानी गुरुवार को देखने को मिला, जहां एक महीने पहले सामाजिक रिति रिवाज के साथ हुई शादी के बाद, पत्नी के साथ नहीं रहने का कारण जानने पर पति व घरवालें ने प्रेमी के घर पहुंच कर लड़की की शादी प्रेमी से नागफेनी मंदिर में करायी। बताते चलें कि बीते 19 अप्रैल को सिसई थाना क्षेत्र के लकेया गांव निवासी फुलचंद साहू की पुत्री संतोषी कुमारी और घाघरा थाना क्षेत्र के चपका गांव निवासी दिनेश साहु के पुत्र संजीव साहु की सामाजिक रिति रिवाज से शादी हुआ था। शादी के बाद लड़की रीति अनुसार लौट बहुर में मौके आयी, और वापस ससुराल नहीं गयी। बीते दिन संजीव अपने परिवार वालों के साथ लड़की को ले जाने आया, घर वालों के समझाने पर लड़की पति के साथ अपने ससुराल चली गयी, लेकिन वहां लड़की के खुश नहीं रहने का कारण पूछने पर पति को नागफेनी निवासी प्रवीण साहु से विगत एक साल से प्रेम प्रसंग होने और उसी से रहने की इच्छा जताई। तब संजीव ने अपने माता-पिता सहित परिवार व अपने ससुराल वालों को इसकी जानकारी दी। दोनों प्रेमियों के साथ रहने की इच्छा जताने पर नागफेनी मंदिर में दोनों की शादी कराकर अपनी पत्नी को प्रेमी को सौंप कर अपने परिजनों के साथ वापस लौट गया। मामले की जानकारी होने सिसई पुलिस नागफेनी स्थित प्रेमी के घर पहुंच कर लड़का-लड़की को थाने लेकर आयी। पुलिस द्वारा लड़का-लड़की के परिजनों को थाना बुलाया गया, लड़की के परिजनों के नही पहुंचने पर देर शाम लड़की को प्रेमी व उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## लोक कलाकारों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय लोक कला मंच ने किया सम्मानित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग क्षेत्र अंतर्गत रमजा के इंद डांड में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा सदान लोक कलाकारों के बीच सदान लोक परंपरा के तहत डांडिया नृत्य, डमकच नृत्य की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय लोक कला प्रमुख बीरबल सिंह अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र सरगुजा के देवनंदन सिंह खेदु नायक गणेश सिंह अशोक सिंह विश्वनाथ सोरेन उपस्थित रहे। लोक कलाकारों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीरबल सिंह ने कहा आज हमारे आदिवासी भाई एवं बहनों के अंदर भी कला प्रतिभा छुपा हुआ है। कला को निखारने की आवश्यकता है। आदिवासियों के लोक कला परंपरा सभ्यता संस्कृति व रीति रिवाज को संरक्षित संवर्धन तथा जीवित रखने का कार्य कर रही है। पिछले वर्ष 14 और 15 मई को जनजाति लोक कला मंच के बैनर तले गुमला के करौंदी रथ बगीचा में विराट लोक कला संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें कई राज्य के लोक कला मंडली ने हिस्सा लिया था उन कला मंडली को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय लोक कला मंच दिल्ली के द्वारा सम्मानित भी किया गया था। आज के कार्यक्रम में मौजूद मंडली प्रमुखों को अंग वस्त्र व 10-10 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।

### गांवों में नल जल योजना ठप

# ग्रामीणों की शिकायत पर टेंसरा पहुंचे भाजपा नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा भ्रमण के दौरान,सिमडेगा ग्रामीण क्षेत्र टैंसेरा पंचायत छुरीटांगर ग्राम में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने बेसरा को बताया कि गांव में जलमिनार से जल नल के तहत घर घर में कनेक्शन किया गया है, परन्तु ढेड़ साल से जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है। गांव के सभी चापाकल खराब हो गया है जिसके कारण पानी की समस्या है। दूसरी बात गांव में विद्युत विभाग के द्वारा जगह जगह विद्युत पोल गाड़े गए हैं परंतु अभी तक तार नहीं लगाया गया है और विद्युत बिल भी विभाग के द्वारा दिया गया है। उपरोक्त दोनों समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंताओं से बेसरा ने बातचीत किया और ग्रामीणों की समस्यायों को समाधान करने का आग्रह किया। पेयजल स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा कार्यपालक अभियंता ने कहा कि बाधित जलमीनार से जलापूर्ति के लिए स्टीमेट बनाया गया। साथ ही जो भी चापाकल खराब है उसे दुरूस्त कर दिया जायेगा। वहीं विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा ने बताया कि जहां-जहां अधुरे विद्युतीकरण हुए हैं, अंचार संहिता समाप्ति के पश्चात उन गांवों में विद्युतीकरण कार्य किया जायेगा।

## बाइक के धक्के से वृद्ध महिला की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर थाना स्थित बाजार टांड के समीप गुरुवार को बाइक सवार ने तुमसे निवासी 58 वर्षीय वृद्ध महिला संचरिया लोहारा को धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद बाइक सवार युवक के द्वारा घायल वृद्ध महिला को ऑटो के माध्यम से सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया। जन्हा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में चिकित्सकों के द्वारा बताया गया कि वृद्ध महिला का पैर टूट गया है। वही शिर पर गंभीर चोट आया है। जिस कारण बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। इधर घायल को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए गुमला ले जायेगा जा रहा था उसी दरमियान रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल में कॉलेज विदाई समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन कर बीए सत्र 2021-24 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। इस मौके पर धन्यवादी मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया था। मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता कॉलेज के उप प्राचार्य अगस्तुस एक्का और सुपीरियर फा अदीप तिग्गा थे। जिसके बाद कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत इतिहास विभाग के द्वारा मंगलाचरण नृत्य के साथ हुआ। इसके बाद सभी विभाग के विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदाई लेने वालों की ओर से नंदनी ने अभिनंदन पत्र पढ़ा साथ ही अनुपा कुजूर और अदीप केरकेट्टा ने कॉलेज के अपने अपने अनुभव बताये। कार्यक्रम का संचालन अनुज एक्का, अमृता एक्का, आकाश उरांव, उज्ज्वल उरांव एवं निकिता लकड़ा ने किया। विदा लेने वालों के लिए गेम का आयोजन करते हुए सेलेस्टीना एक्का और अदीप केरकेट्टा को क्रमशः मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इस मौके पर कॉलेज के सुपीरियर अदीप तिग्गा ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके जीवन की असल यात्रा अब शुरू हो रही है। कैंपस से निकल कर अब आप रियल वर्ल्ड से रूबरू होंगे। इस मौके पर कॉलेज के उप प्राचार्य फा. अगस्तुस एक्का ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ें ताकि आपका जीवन उज्ज्वल हो सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से सामाजिक दायित्व को निभाने का आह्वान किया।

## वृद्ध महिला की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीते सोमवार को डायन बिसाही मामले में डुको ग्राम निवासी 60 वर्षीय सावित्री देवी की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी दो चचेरे देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार ने बताया कि घटना के बाद पूरी जांच की गयी। जिसमें कुछ गुप्त सूचना मिला जिसके आधार पर मृतक सावित्री के चचेरे देवर लोहार गोप व मतिराम गोप को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उन दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। साथ ही थानेदार ने यह भी बताया कि हमेशा इन लोगों के साथ विवाद होते रहता था। लोहार गोप का मानना था कि पिछले 5 साल के दौरान उसकी बहू व तीन भाई का मौत हो चुका है। साथ ही घर में शादी ब्याह में भी दिक्कत हो रहा है इन सभी घटना को लेकर लोहार अपनी चचेरी भाभी को डायन समझता था। वही मतिराम गोप का मानना है कि पिछले 4 साल के अंदर उसका पांच भैंस मर गया है जिसके कारण मतिराम भी अपनी चचेरी भाभी मृतक सावित्री देवी को डायन समझता था। बीते सोमवार को जब सावित्री घर पर अकेली थी तब लोहार व मतिराम घर में घुसकर धारदार बैसला से सर में वार कर हत्या कर दिया और दरवाजा को बाहर से कुंडी बंद कर फरार हो गया। यहां बता दे कुछ वर्ष पूर्व भी सावित्री देवी के साथ डायन बिसाही का आरोप लगा कर मारपीट किया गया था जिसके बाद गांव में ही बैठक कर मामले को सुलझाया गया था।

## महिला ने कीटनाशक का सेवन कर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के केसीपारा निवासी 28 वर्षीय महिला देवंती देवी ने गुरुवार की दोपहर कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि महिला ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। महिला दो-तीन दिन पूर्व अपने मायके केसीपारा आई थी। उसका ससुराल सदर थाना क्षेत्र के आंजन गांव में है। संभवतः पति से कुछ विवाद होने के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है उसकी स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है।

# जाति-धर्म और राजनीतिक भावना से ऊपर उठ कर जनता की सेवा करें: भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की समीक्षा की। मौके पर विधायक ने सभी प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने लोकसभा चुनाव के दौरान जहां जहां कांग्रेस पार्टी कमजोर दिखी, वहां जाकर सभी कमजोरी को दूर करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि सभी विधायक प्रतिनिधि बूथ स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठक करें। अंतिम गांव में रहने वाले कार्यकर्ताओं को भी इसमे शामिल करें। सभी से चुनाव के दौरान हुई चूक की जानकारी लें।



और उसे जल्द से जल्द गांव गांव जाकर दूर करें। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि फिलहाल ही चुनाव सम्पन्न होने के कारण बूथ स्तर अथवा गांव स्तर में ब्याप्त कमियों और संगठन की कमजोरी की सटीक जानकारी मिलेगी। जिसे हर हाल में समय रहते ठीक करना आप सभी की जिम्मेदारी है। विधायक ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हम सभी को ईमानदारी के साथ काम करने की जरूरत नहीं है। आप ईमानदारी के साथ काम करेंगे तो इस दौरान कई चुनौती भी आयेगी। पर इस चुनौतीयों से किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। आज सिमडेगा जनता कांग्रेस के साथ है। जनता का प्यार, उनका समर्थन और आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी सबसे मजबूत पार्टी बन गया है। हालांकि आज भी कुछ लोग कांग्रेस से नहीं जुड़ पाएं हैं। उन्हें भी संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। विधायक ने कहा कि जो भी ग्रामीण कांग्रेस पार्टी में शामिल होना चाहते हैं उन्हें पूरा सम्मान के साथ संगठन में शामिल किया जायेगा। विधायक ने कहा कि हर प्रतिनिधि, प्रखंड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और कार्यकताओं की जिम्मेवारी है कि अचार सहिता खत्म होते ही अपने अपने क्षेत्रों में घर घर भ्रमण करे। जाति-धर्म और राजनीतिक भावना से ऊपर उठकर लोगों की हर छोटी बड़ी समस्या सुने और हर हाल में ग्रामीणों की समस्या को दूर करें।

## दो लाख की धोखाधड़ी मामले में शिकायत दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के टॉवर चौक के समीप कबीर एग ट्रेडर्स के संचालक साकिब खान ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कोडरमा निवासी वर्तमान व्यापार पता सिमडेगा के शहबाज आलम के ऊपर दो लाख रुपये धोखाधड़ी किये जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।थाना को दिए आवेदन में साकिब खान ने कहा है कि वे अंडा का खुदरा व होलसेल व्यापार करते है। आरोपी शाहबाज आलम मूल रूप से कोडरमा का रहने वाला है। मगर वर्तमान में वह सिमडेगा जिला से अंडा का अपना थोक व्यापार करता है।

## 11 लाख गबन के मामले में केस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सेटिंन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड के सर्किल हेड आशुतोष ने गुमला थाना में आवेदन देकर दीपक पाल नामक व्यक्ति पर यह 11 लाख 99 हजार 876 रुपए गबन का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए हुए आवेदन में आशुतोष ने कहा हमारी कंपनी एक फाइनेंशियल कंपनी है जो महिलाओं के आर्थिक विकास हेतु गरीब महिलाओं को जी एल जी के माध्यम से लोन देने का कार्य करती है। बड़ाइक मोहल्ला गुमला स्थित कार्यालय में दीपक पाल जो की शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत था उसने 6 मई से लेकर 22 मई 2024 के दौरान बड़े पैमाने पर पैसों का गबन किया है। साथ ही महिला समूह द्वारा दिए गए किस्तों को कार्यालय में जमा नहीं किया। गबन का मामला 1 मई को ऑडिट के क्रम में सामने आया। उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कंपनी के साथ बड़ी धोखा घड़ी की है तथा कंपनी के पैसों का गबन किया। आशुतोष ने गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

